79वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृतिअखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता 2022-23

चर्चा में क्यों?

16 फरवरी, 2023 को मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजनांदगाँव के अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में आयोजित 79वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता 2022-23 के समापन समारोह में शामिल हुए।

प्रमुख बिंदु

- मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम राजनांदगाँव में फ्लड लाईट और पवेलियन बनाने के लिये 2 करोड़ रुपए की घोषणा की।
- गौरतलब है कि 8 फरवरी से 16 फरवरी, 2023 तक हॉकी की नर्सरी कहे जाने वाले राजनांदगाँव के अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में दिग्विजय स्टेडियम समिति व आयोजन समिति की ओर से 79वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता 2022-23का आयोजन किया गया।
- देश भर में प्रतिष्ठित महंत राजा सर्वेश्वर दास स्मृति अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता में देश भर से 20 टीमों ने हिस्सा लिया।
- प्रतियोगिता का फाइनल मैच पेट्रोलियम स्पोटर्स प्रमोशन बोर्ड नई दिल्ली और सेल अकादमी राऊरकेला के बीच खेला गया, जिसमें पेट्रोलियम प्रमोशन पेट्रोलियम बोर्ड नई दिल्ली ने सेल अकादमी राऊरकेला को 7-1 गोल से पराजित करते हुए 79वीं महंत राजा सर्वेश्वर दास अखिल भारतीय हॉकी प्रतियोगिता के खिताब पर कब्जा जमाया।
- विजेता टीम को विशाल रजत कप के साथ 2 लाख 51 लाख रुपए, उप-विजेता टीम को रजत कप एवं 2 लाख रुपए नगद, मैन ऑफ द मैच देवेंद्र वाल्मीकि को 51 हज़ार रुपए नगद, मैन ऑफ द टूर्नामेंट कार्बिल लकरा को 11 हज़ार रुपए का नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/79th-mahant-raja-sarveshwar-das-memorial-all-india-hockey-tournament-2022-23